Indian School Al Wadi Al Kabir
Pre Mid Term Exams(2025-26)
Subject-Hindi (2nd Lang.)

Class: VIII — Max Marks: **30**
Date: 20.05.25 — Time - **1hr**

नोट – यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न,किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उन्हें अंक दिए जाएँ ।

खंड क (MARKING SCHEME)

प्र 1- निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. गीता ने अपनी परियोजना के लिए कौन-सा विषय चुना था? 1
   (ग) पुनः उपयोग (Recycling)
2. गीता ने सामग्री की कमी होने पर क्या किया? 1
   (ग) पड़ोस से कबाड़ इकट्ठा किया
3. निर्णायकों ने गीता की किस बात की सबसे अधिक सराहना की? 1
   (ख) उसकी रचनात्मकता और सोच

4 गीता की यह परियोजना उसे कौन-सा महत्वपूर्ण संदेश देती है? 2

उत्तर: यह परियोजना गीता को यह सिखाती है कि कल्पनाशक्ति और दृढ़ संकल्प से हम कठिन परिस्थितियों में भी नया और उपयोगी कुछ बना सकते हैं।

प्र 2 – निम्नलिखित वाक्य में से संज्ञा शब्द छाँट कर भेद लिखिए – 1

(i) वह <u>ताजमहल</u> देखने गया था । व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ii) कोष्ठक में दिए गए शब्द से भाववाचक संज्ञा से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – 1

कोयल की वाणी में बहुत <u>मिठास</u> होती है । (मीठा) ।

प्र 3 **(i) उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके लिखिए**: भंडार , गंभीर । 1

(ii) उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके लिखिए: गाँव , बाँटा । 1

प्र 4 –(i) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए – रेखांश , भानूदय 1

(ii) निम्नलिखित शब्दों की संधि-विच्छेद कीजिए- रवि+इंद्र , महा+आत्मा **1**

प्रश्न 5 (i) दिए गए अंकों को शब्दों में लिखिए- पचपन , नब्बे 1

(ii) हिंदी वर्णमाला में 48 वर्ण हैं । 1

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए – भय, आतंक , सुबह, प्रातः 2

प्र 7 - मौलिकता – 2, प्रभावोत्पाकदता – 2, सटीक भाषा – 1 5

खंड (ख)

प्र 8 - दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए | 4

1 "एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है"- कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

उत्तर – "एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है", से कवि का भाव यह है कि जब एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजने में भेदभाव नहीं करती तो हमें भी भेदभाव नहीं करना चाहिए| यहाँ 'सुगंध' प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है।

2 बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी।

उत्तर – मशीनीकरण के आने तथा काँच की चूड़ियों के प्रचलन एवं गाँव में औरतों के काँच की चूड़ियों के पहनने के कारण बदलू का व्यवसाय बिल्कुल बंद हो गया था। उसकी आर्थिक स्थिति भी ख़राब हो गई थी। अपना पैतृक काम खो देने की व्यथा लेखक से छिपी न रह सकी।

3 मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

उत्तर – मशीनी युग के कारण बदलू का सुखी जीवन दुख में बदल गया था। गाँव की सारी औरते काँच की चूड़ियाँ पहनने लगी थी। बदलू की कला को अब कोई नहीं पूछता था। उसकी चूड़ियों की माँग अब नहीं रही थी। इसी कारण शादी-ब्याह से मिलने वाला अनाज, कपड़े तथा अन्य उपहार उसे नहीं मिलते थे। उसकी आर्थिक हालत बिगड़ गई जिससे उसके स्वास्थ पर भी बुरा असर पड़ा था।

प्र 9 - दिए गए प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए | 3

1 पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़ -पौधे, पानी और पहाड़ क्या पढ़ पाते हैं?

उत्तर – पक्षी और बादल की चिट्ठियों में प्रेम,एकता और भाईचारा का संदेश होता है जिसे पेड़-पौधे, पानी और पहाड़ पढ़ पाते हैं भगवान पूरे विश्व को एक मानकर अपना प्रेम सभी में बराबर बाँटते हैं। इस पर अमल करते हुए पेड़-पौधे सबको समान भाव से फल-फूल देते हैं,नदियाँ सबको समान रूप से पानी देती हैं, पहाड़ सबकी रक्षा के लिए समान रूप से खड़े रहते हैं |

2 बदलू की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन करो ।

उत्तर- बदलू स्वभाव से बहुत ही सीधा साधा व्यक्ति था। वह कभी किसी से लड़ाई-झगड़ा नहीं करता था। वह लेखक से खूब स्नेह करता था। वह चूड़ियों को वस्तु विनिमय के तरीके से बेचता था। कभी-कभी शादी विवाह के अवसर पर वह जिद्द पकड़ लेता था। उसे काँच की चूड़ियों से चिढ़ थी।

बदलू बहुत ही मेहनती और स्वाभिमानी था।बदलू का व्यक्तित्व सुदृढ़ तथा कभी हार न मानने वाला था।

प्र 10 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में लिखिए | 3

1 – जनार्दन लेखक थे ।

2 – विवाह के अवसर पर काँच की चूड़ियों का मूल्य बढ़ जाता था ।

3 – पहाड़ हमारी रक्षा करते हैं ।